निबंधन एवं शर्तें
वरिष्ठ परामर्शदाता - नर्सिंग एवं मिडवाइफरी (परिवार नियोजन प्रभाग) / (एक पद)

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) नई दिल्ली पूर्णत: अनुबंधात्मक आधार पर ऊपर उल्लिखित पद के लिए अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व :

- आबंटित राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के लिए उत्तरदायी घटक-वार बजट की समीक्षा करना, मानदंडों के अनुपालन को सुनिश्चित करना और राज्यों को यथा अपेक्षित सूचना प्रदान करना, और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में विचारार्थ अंतिम पीआईपी प्रस्तुत करना।
- पर्यवेक्षीय स्टाफ/एएनएमएसएन और एमओ आदि को क्षेत्रगत दौरों के दौरान प्रशिक्षण के माध्यम से परिवार नियोजन सेवा प्रदायगी के गुणवत्ता में निरंतर सुधार को कारगर बनाना।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त रिपोर्टों/एचएनएमआईएस में उपलब्ध डाटा/सर्वेक्षण डाटा आदि के विश्लेषण के माध्यम से अनुमोदित राज्य योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन करना। राज्यों को कार्यक्रम निगरानी डाटा पर आधारित सूचना का प्रचार-प्रसार करना। एचएमआईएस, एनएफएचएस आदि जैसे विभिन्न स्रोतों के साथ डाटा संवितरित करने की क्षमता।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और जिलों का आवधिक क्षेत्रगत दौरा करना, चुनौतियों का पता लगाना और इन चुनौतियों पर नियंत्रण रखने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समर्थन देना।
- कार्यक्रम निष्पादन पर आवधिक रिपोर्टें तैयार करना।
- भारत सरकार द्वारा बनाई गई परिवार नियोजन पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं से संबंधित रिपोर्ट तैयार करना और उनका रखरखाव करना।
- मुख्य प्राथमिकता कार्य क्षेत्र वर्तमान परिवार नियोजन योजनाओं अर्थात एफपीआईएस, एफपी-एलएमआईएस की निगरानी करना।
- वर्तमान परिवार नियोजन दिशा-निर्देशों की समीक्षा और संशोधित दिशानिर्देश तैयार करना।
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत सेवा प्रदायगी/गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नियोजन एवं निगरानी प्रणाली में निरंतर प्रक्रियागत सुधार लाने हेतु राज्यों को सहायता प्रदान करना।
- समयबद्ध रूप में उक्त सभी कार्यों का निष्पादन करना।
- पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य दायित्वों को पूरा करना।

पात्रता :

- एमबीबीएस/बीएएमएस/बीएससी-नर्सिंग स्नातक तथा जन स्वास्थ्य में मास्टर डिग्री।
- अर्हता पश्चात् जन स्वास्थ्य में कम से कम पांच या अधिक वर्षों का अनुभव सहित राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर परिवार नियोजन में न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।
- कंप्यूटर में दक्षता और संबंधित डाटा तथा प्रलेखों का पता लगाने के लिए एमएस वर्ड एक्सेल, पावर प्वाइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम रूप से प्रयुक्त पैकेजों का उच्च स्तर का ज्ञान हो।
- उत्कृष्ट संचार एवं प्रस्तुतिकरण कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर-वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट भाष्य और लिखित संचार कौशल।
- किसी बहु-विषयीय दल परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों के दौरे करने की तत्परता।
- राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी।
- उच्च कोटि का प्रकाशित कार्य होने पर या विशेष प्रासंगिकता का कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु : आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अधिकतम 50 वर्ष और व्यापक क्षेत्रगत दौरे करने के लिए स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमा : 90,000 रुपये से 1,30,000 रुपये प्रतिमाह के बीच ।

स्थान : नई दिल्ली, तथा राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छा रखते हों ।

आवेदन करने के लिए: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रारूप को डाउनलोड करें, जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है तथा विधिवत रूप से भरा गया आवेदन पत्र rch.fp.mohfw@gmail.com पर **11-Sep-2018** तक

अवश्य ई-मेल कर दें। अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन-पत्र के ऊपर आवेदन किए गए पद का नाम लिख दिया गया है, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।